# कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या हुई 2788

न्यूज डायरी



## ईरान के उप स्वास्थ्य मंत्री और उप राष्ट्रपति दोनों आए कोरोना वायरस की चपेट में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। चीन से फैलना शुरू हुए कोरोना वायरस ईरान में भी तेजी से फैल रहा है। वहां करीब 140 कोरोना वायरस के मामले सामने आ चुके हैं और 19 लोगों की मौत भी हो चुकी है। ये वायरस ईरान को कितनी तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है, इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि ईरान के उप स्वास्थ्य मंत्री इराज हिराची और उप राष्ट्रपति मासूमेह एब्तेकार भी कोरोना वायरस की चपेट में आ गई हैं। चीन के बाद ईरान में ही सबसे अधिक लोगों की मौत कोरोना वायरस से हुई है। चीन में अब तक कोरोना वायरस से 2788 लोग मारे गए हैं, जबकि 78 हजार से भी अधिक लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। अगर चीन के स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मानें तो कोरोना वायरस के प्रकोप पर अप्रैल के आखिरी तक काबू पा लिया जाएगा।

## नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना में घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री सीपी मैनाली और चार अन्य एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जिला पुलिस कार्यालय महतारी के अनुसार बृहस्पतिवार को मैनाली परिवार कार से जापा से काठमांडू जा रहा था। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। काठमांडू के ग्रांड इंटरनेशनल अस्पताल में उनका उपचार किया जा रहा है। हादसे में मैनाली के बेटे सरोज, पुत्रवधू पूजा, पोता और उनका चालक राम प्रसाद पौड्याल घायल हो गए।

## चीन में 44 और लोगों की मौत के साथ मृतक आंकड़ा 2,788 तक पहुंचा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन में कोरोना वायरस से मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है तथा इस जानलेवा संक्रामक बीमारी से 44 और लोगों की मौत हो गई जिसके साथ ही कुल मृतक आंकड़ा 2,788 पहुंच गयी है। चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को चीन से कोरोना वायरस के 327 नए मामले सामने आए। हालांकि एक महीने से अधिक समय में कोरोना वायरस से रोज संक्रमित पाए गए लोगों की यह अब तक की सबसे कम संख्या है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस वायरस के कारण 41 लोगों की मौत हुबेई प्रांत में हुई जो इस महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित है। दो लोगों की मौत बीजिंग में और एक व्यक्ति की मौत शिनजियांग में हुई। चीन में कुल 78,824 लोग कोविड–19 से संक्रमित पाए गए। चीन में कोरोना वायरस के मामले कम हो रहे हैं जबकि अन्य देशों में इसके मामले बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि कोरोना वायरस महामारी "निर्णायक मोड़" पर है। महामारी का प्रकोप कम होने के बीच अब चीनी अधिकारियों की आलोचना शुरू हो गई है जिन्होंने इसे दबाने के प्रयास किए।

## सीरिया में हवाई हमले में तुर्की के 33 सैनिकों की मौत, दमिश्क पर हमले का आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अंकारा। सीरिया के इदलिब प्रांत में हवाई हमले में तुर्की के कम से कम 33 सैनिक मारे गए। इस हमले का आरोप सीरिया की बशर अल–असद सरकार पर लगाया जा रहा है। नाटो प्रमुख जेन स्टोल्टेनबर्ग ने असद सरकार और रूस द्वारा "अंधाधुंध" किए हमलों की निंदा की है। सीरिया के सीमावर्ती तुर्किश प्रांत हाते के गवर्नर रहमी दोगन ने शुक्रवार को कहा कि दर्जनों और सैनिक घायल हुए हैं तथा उनका तुर्की के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उत्तरपश्चिमी इदलिब में यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब बागी समर्थक अंकारा और दमिश्क के सहयोगी मॉस्को के बीच तनाव बढ़ गया है। स्टोल्टेनबर्ग के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि नाटो प्रमुख ने सभी पक्षों से इस खतरनाक स्थिति में सुधार लाने का अनुरोध किया है। 2018 के एक समझौते के अनुसार रूस को इदलिब में शांति लानी थी।

**कोरोना**

## कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या हुई 2788

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चीन। में कोरोना वायरस से मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है तथा इस जानलेवा संक्रामक बीमारी से 44 और लोगों की मौत हो गई जिसके साथ ही कुल मृतक आंकड़ा 2,788 पहुंच गयी है। चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को चीन से कोरोना वायरस के 327 नए मामले सामने आए। हालांकि एक महीने से अधिक समय में कोरोना वायरस से रोज संक्रमित पाए गए लोगों की यह अब तक की सबसे कम संख्या है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस वायरस के कारण 41 लोगों की मौत हुबेई प्रांत में हुई जो इस महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित है। दो लोगों की मौत बीजिंग में और एक व्यक्ति की मौत शिनजियांग में हुई। चीन में कुल 78,824 लोग कोविड–19 से संक्रमित पाए गए। चीन में कोरोना वायरस के मामले कम हो रहे हैं जबकि अन्य देशों में इसके मामले बढ़ रहे हैं। विश्व



स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि कोरोना वायरस महामारी निर्णायक मोड़ पर है। महामारी का प्रकोप कम होने के बीच अब चीनी अधिकारियों की आलोचना शुरू हो गई है जिन्होंने इसे दबाने के प्रयास किए। आधिकारिक मीडिया ने भी बृहस्पतिवार को इस तरह की निंदा की, जो अपने आप में असामान्य है। कोरोना वायरस के शुरुआती मामले पिछले वर्ष दिसंबर में सामने आए थे और जनवरी के मध्य तक इसने गंभीर रूप ले लिया। सरकारी ग्लोबल टाइम्स ने बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट प्रकाशित की जिसमें इस मामले में हुई खामियों को उजागर किया गया। वुहान भेजे गए विशेषज्ञों के समूह में शामिल महामारी विशेषज्ञ झांग नाशान ने कहा कि हालात बेहतर हो सकते थे यदि संक्रमण पर काबू करने के उपाय पहले कर लिए गए होते। इससे पहले, महामारी को रोकने में नाकाम रहने का ठीकरा कई अधिकारी एक दूसरे पर फोड़ चुके हैं।

चीन के शेन्झेन प्रांत में तय किया गया है कि यहां पर लोगों के कुत्ते–बिल्ली खाने पर रोक लगाई जाएगी। वैसे ये साफ नहीं है कि बाद में ये रोक हटा दी जाएगी या नहीं, लेकिन नोटिस में कहा गया है कि जानवरों को खाने पर रोक लगाया जाएगा विकसित देशों में एक सामान्य सी प्रैक्टिस होती है और आधुनिक समाज की जरूरत भी यही है। यानी जल्द ही शेन्झेन में कुत्ते–बिल्ली सिर्फ पालतू जानवर होंगे, जिन्हें मारकर खाया नहीं जा सकेगा। इस कदम का कई अधिकारियों ने स्वागत भी किया है। बता दें कि प्रस्तावित लिस्ट में सिर्फ पोर्क, चिकन, बीफ, खरगोश, मछली और सी फूड खाने की इजाजत है। दरअसल, वैज्ञानिकों ने पाया था कि जानवरों से ही कोरोना वायरस इंसानों में फैला है, जिसकी वजह से इन दिनों चीन के अलग–अलग इलाकों में जनवरों को खाने को लेकर तमाम नियम बनाए जा रहे हैं।

## अमेरिकी सांसदों ने अमेरिका–तालिबान शांति समझौते को लेकर आश्वासन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी सांसदों ने अफगानिस्तान में युद्ध समाप्त करने के लिए शनिवार को दोहा में अमेरिका और तालिबान के बीच होने वाले शांति समझौते पर हस्ताक्षर से पहले पारदर्शिता की ओर कुछ आश्वासन दिए जाने की मांग की है। अमेरिका अफगानिस्तान में पिछले एक सप्ताह में आई हिंसा में कमी की स्थिति बने रहने पर शनिवार को तालिबान के साथ एक ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। तालिबान ने भी शांति समझौते पर हस्ताक्षर की योजना की पुष्टि की है। सांसदों ने अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ और अमेरिकी रक्षा मंत्री मार्क एस्पर को गुरुवार को लिखे पत्र में शांति समझौते में अमेरिकी सुरक्षा को प्राथमिकता दिए जाने की अपील की। इस पत्र में पारदर्शिता रखे जाने की अपील की गई है और अमेरिका की सुरक्षा की महत्ता को रेखांकित किया गया है।

इसके अलावा इसमें अमेरिका और तालिबान के बीच हर समझौते को सार्वजनिक करने और कोई अन्य गोपनीय समझौता नहीं किए जाने समेत सुरक्षा संबंधी कुछ संकल्पों की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है। सांसदों ने यह भी मांग की है कि तालिबान के साथ खुफिया जानकारियां साझा नहीं की जाए।



मेलानिया ने शेयर किया दिल्ली स्कूल का वीडिया, कहा– धन्यवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप भारत का दो दिवसीय दौरा पूरा करके अमेरिका वापस लौट चुके हैं। इस बीच अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप को भारत दौरे की यादें अभी भी बरकरार हैं। यही वजह है कि वो लगातार भारत में बिताए अपने पलों को ट्विटर के जरिए सबसे सामने पेश कर रही हैं। गुरुवार को उन्होंने दिल्ली के सरकारी स्कूल में अपने दौरे का एक वीडियो ट्वीट किया। साथ ही उन्होंने सर्वोदय स्कूल में अपने स्वागत की तस्वीरें भी शेयर कीं।

## अब चीन के बाहर बढ़ा कोरोना का प्रकोप, नीदरलैंड में भी एक मरीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। कोरोना वायरस का कहर अब चीन से निकलकर पूरी दुनिया में कोहराम मचा रहा है। इटली, फ्रांस के बाद नीदरलैंड में कोरोना वायरस का एक मामला सामने आया है। चीन में अब तक कोरोना से 2,788 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि दक्षिण कोरिया में 256 नए मामले सामने आने के बाद शुक्रवार को यहां इस वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 2,022 हो गई है। बता दें कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे पहले ही वैश्विक आपदा घोषित कर रखा है।

**नीदरलैंड में सामने आया पहला मामलाः** नीदरलैंड में गुरुवार को कोरोना वायरस का पहला मामला सामने आया है। उत्तरी इटली की यात्रा करने वाले एक मरीज के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। उत्तरी इटली यूरोप में कोरोना वायरस से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है।

नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पब्लिक हेल्थ एंड एनवायरमेंट ने बताया कि इस मरीज के 'करीबी संपर्क' में रहने लोगों की जांच की गई है और मरीज को दक्षिण टिलबर्ग शहर के एक अस्पताल में अलग रखा गया है। संस्थान ने देश में सभी को सावधानी बरतने की सलाह दी है ताकि संक्रमण के प्रसार को रोका जा सके। प्रधानमंत्री मार्क रुट ने ट्विटर पर कहा, 'मैं इससे निपटने के लिए कदम उठाने को लेकर ब्रूनो ब्रूइंस (स्वास्थ्य मंत्री), अन्य के सीधे संपर्क में हूं।' उन्होंने उम्मीद जताई कि मरीज जल्द ही स्वस्थ हो जाएगा।

### दक्षिण कोरिया में बड़े पैमाने पर फैल रहा कोरोना

दक्षिण कोरिया में कोरोना वायरस के 256 नए मामले सामने आने के बाद इससे संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर शुक्रवार को 2,022 हो गई। देश के रोग नियंत्रण एवं बचाव केंद्र ने बताया कि 90 प्रतिशत से अधिक मामले दाएगू शहर और पड़ोसी उत्तर ग्योओंग्सांग में सामने आए हैं। देश में हालांकि शुक्रवार को इससे कोई मौत नहीं हुई और मृतक संख्या 13 बनी हुई है।

## नाइजीरिया में कोरोना वायरस के पहले मामले की पुष्टिः मंत्री लागोस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबुजा। उप सहारा अफ्रीका में नाइजीरिया ने कोरोना वायरस के पहले मामले की शुक्रवार को पुष्टि की। स्वास्थ्य मंत्री ओसागी एहनाइर ने ट्विटर पर एक बयान में कहा, "यह मामला इतालवी नागरिक का है जो नाइजीरिया में काम करता है और 25 फरवरी को इटली के मिलान से नाइजीरिया के लागोस लौटा था।" उन्होंने कहा, "मरीज की हालत स्थिर बनी हुई है और उसमें कोई गंभीर लक्षण नहीं देखने को मिले हैं। लागोस के याबा में संक्रामक रोगों के अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।" नाइजीरिया में इससे पहले पूरे अफ्रीका में वायरस के दो मामले सामने आए थे– एक मिस्र से और दूसरा अल्जीरिया से। चीन के साथ द्वीप के करीबी आर्थिक संबंधों के चलते इन मामलों ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चिंता बढ़ा दी थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इस हफ्ते की शुरुआत में आगाह किया था कि अगर घातक कोरोना वायरस का प्रकोप फैलता है तो अफ्रीकी स्वास्थ्य तंत्र इससे निपटने में अक्षम है।